राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 5] बारहवीं विधान सभा के पांचवें सत्र का सत्रहवां दिवस [संख्या : 10

गुरुवार,

16 मार्च, 2006

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे विधान सभा भवन,

जयपुर में प्रारम्भ हुई)

(श्रीमती सुमित्रा सिंह, अध्यक्ष, पदासीन)

शोकाभिव्यक्ति

अरुण सिंह श्री संदस्य, के निधन पर

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, शोकाभिव्यक्ति के इस अवसर पर मैं हाल ही में दिवंगत हुए इस सदन के सदस्य श्री अरुण सिंह के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यह शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करती हूं।

विधायक श्री अरुण सिंह का जन्म 13 फरवरी, 1947 को दिल्ली में हुआ। आपने दिल्ली से सेन्ट स्टीफन्स कालेज से बी.ए. की उपाधि प्राप्त की।

श्री अरुण सिंह भरतपुर जिले के डीग निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चार बार विधायक निर्वाचित हुए। नवम्बर, 1991 में नौवीं राजस्थान विधान सभा के लिए हुए उप चुनाव में आप पहली बार निर्दलीय विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। इसके बाद दसवीं तथा ग्यारहवीं विधान सभा के लिए हुए आम चुनावों में भी आप निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए। वर्तमान बारहवीं विधान सभा के लिए आप वर्ष 2003 में इण्डियन नेशनल लोक दल के प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए।

लगभग 15 वर्ष के विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप महिलाओं एवं बालकों के कल्याण सम्बन्धी समिति, याचिका समिति, विशेषाधिकार समिति तथा राजकीय उपक्रम समिति के सदस्य रहे। अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे श्री अरुण सिंह आजीवन अविवाहित रहे।

(श्री अध्यक्ष)

सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले श्री अरुण सिंह विधान सभा में भी अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सतत् प्रयास करते रहे।

विधायक श्री अरुण सिंह का लम्बी बीमारी के बाद दिनांक 15 मार्च, 2006 को दिल्ली में निधन हो गया। सौम्य और शालीन् व्यक्तित्व के धनी श्री अरुण सिंह के असामयिक निधन से इस सदन में एक जागरूक और सहृदय सदस्य की कमी हो गई है।

मैं, दिवंगत श्री अरुण सिंह को अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं तथा ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

माननीय सदस्यगण कृपया दो मिनट खड़े रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

(तदनन्तर सदन ने दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की)

सदन की बैठक शुक्रवार, दिनांक 17 मार्च, 2006 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 11.04 बजे शुक्रवार, 17 मार्च, 2006 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

सदस्य सूची

गुरूवार, 16 मार्च, 2006

नाम	पृष्ठ संख्या
शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि	
–श्री अरूण सिंह के निधन पर	1